# PGT Hindi

Q 1). Which Indian state is planning to launch a massive jungle safari project in the Aravalli Hills, aimed at promoting eco-tourism and sustainable development?

(A) Rajasthan

(B) Gujarat

(C) Madhya Pradesh

(D) Haryana

Correct Answer: (D)

Q 2). Prime Minister Modi had accorded a ceremonial welcome during his recent visit to Croatia at _____.

(A) St. Mark's Church

(B) Croatian Parliament

(C) Banski Dvori Palace

(D) Zagreb City Hall

Correct Answer: (C)

Q 3). Which of the following countries were recently elected to serve as a non-permanent member of the UN Security Council for a two-year term starting in January 2026?

1. Bahrain, Colombia, Latvia
2. Indonesia, Sri Lanka, Vietnam
3. Liberia, The Democratic Republic of Congo

(A) 1, 2 & 3

(B) 1 & 3

(C) Only 2

(D) 1 & 2

Correct Answer: (B)

Q 4). "How many characters are there in the story?" This question is of _______ level as per the revised Bloom's Taxonomy.

(A) remembering

(B) evaluation

(C) understanding

(D) application

Correct Answer: (A)

Q 5). Which of the following is an example of positive reinforcement as per child psychology?

(A) Giving a child a time-out for misbehavior.

(B) Praising a child for completing homework.

(C) Removing TV privileges for poor grades.

(D) Ignoring a child's tantrum.

Correct Answer: (B)

Q 6). As per NEP 2020, what is the proposed bagless period for students in Grades 6-8 in a year?
(A) 5 days
(B) 10 days
(C) 15 days
(D) 20 days
Correct Answer: (B)
Q 7). कौन-से कवि रीतिमुक्त कवि  है?
(A) मतिराम
(B) भिखारीदास
(C) बोधा
(D) केशव
Correct Answer: (C)
Q 8). कहलाने एकत बसत अहि मयूर, मृग बाघ।
जगतु तपोवन सौ कियौ दीरघ-दाघ निदाघ।।
**उपर्युक्त पंक्तियों में बिहारी ने किस का वर्णन किया है?**
(A) यहाँ वर्षा ऋतु का वर्णन है।
(B) प्रकृति की सुंदरता और जंगली जानवरों का रूप चित्रित किया है।
(C) वन को तपोवन मानकर सुंदरता का वर्णन है।
(D) ग्रीष्म ऋतु का वर्णन है।
Correct Answer: (D)
Q 9). निम्नलिखित में से किनको मैथिली भाषा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है?
(A) नागार्जुन
(B) दया प्रकाश सिन्हा
(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) चन्द्रकांत देवताले
Correct Answer: (A)
Q 10). तुम जैसा विलक्षण प्राणी मैंने आज तक नहीं देखा। '**विलक्षण**' शब्द कौन -सी व्याकरणिक इकाई है?
(A) जातिवाचक संज्ञा
(B) विशेषण
(C) भाववाचक संज्ञा
(D) सर्वनाम
Correct Answer: (B)
Q 11). "दाँत खट्टे करना" मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
(A) बुरी तरह से पराजित करना
(B) बुरी तरह से भगाना
(C) इमली खिला देना
(D) स्वागत करना
Correct Answer: (A)

Q 12). **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिये:**

कवि के संबन्ध में यह कथन अक्षरश: सत्य प्रतीत होता है कि कवि प्रकृति का पुरोहित होता है। जिस प्रकार पुरोहित अपने यजमान के समस्त कुलाचारों एवं रीति-परम्पराओं से अभिज्ञ होता है, उसी प्रकार कवि को प्रकृति के समस्त रहस्यों एवं क्रिया-प्रतिक्रियाओं का मर्मज्ञ होना चाहिए। इसके बिना कवि को 'कवि' की संज्ञा से विभूषित करना भी उचित प्रतीत नहीं होता। कवि ही अपनी सूक्ष्म निरीक्षण-शक्ति द्वारा प्रकृति के प्रांगण में ऐसे तथ्यों एवं पदार्थों को देख लेता है, जहाँ सामान्य व्यक्तियों की दृष्टि नहीं जाती और यदि जाती भी है तो तत्व तक नहीं पहुँचती। तह तक पहुँचे बिना कोई ऐसी बात नहीं निकलती, जो साधारण होने पर भी असाधारण हो, लौकिक होने पर भी अलौकिक आनंदोत्पादक हो, सबकी देखी होने पर भी नवीन चमत्कार दिखाने वाली हो, प्रकृति के गुप्त एवं मुक्त रहस्यों को सर्वसाधारण के दृष्टिपथ में लाना कवि का काम है। अज्ञेय की मीमांसा करते रहना, आकाश-कुसुमों की सृष्टि करना या आकाश के तारे तोड़ना कवि का काम नहीं है। यह दार्शनिक का काम है, कवि का काम इससे भी गहन है। व्याकरण एवं पिंगल के नियमानुसार वर्णो की नपी-तुली पद्य-रचना का नाम भी कवित्व नहीं है, जैसा कि प्राय: समझा जाता है। सूक्ष्म दृष्टि से प्रकृति-पर्यवेक्षण की असाधारण शक्ति के साथ-साथ कवि के पास जीवनानुभवों का अक्षय कोष होना चाहिये तथा उसे विविध कलाओं एवं शास्त्रों का भी ज्ञाता होना चाहिए।

**इनमें से क्या कवि का काम है?**

(A) प्रकृति के गुप्त एवं मुक्त रहस्यों को सर्वसाधारण के दृष्टिपथ में लाना।

(B) अज्ञेय की मीमांसा करते रहना।

(C) आकाश-कुसुमों की सृष्टि करना।

(D) आकाश के तारे तोड़ना ।

Correct Answer: (A)

Q 13). **रचना - रचनाकार** के मिलान की अशुध्दि किस विकल्प में है?

1. पृथ्वीराज रासो - चंदबरदाई
2. कीर्तिलता - सरहपा
3. दोहाकोश - विद्यापति
4. पदावली - विद्यापति

(A) 1 और 4

(B) 2 और 3

(C) 1 और 3

(D) 2 और 4

Correct Answer: (B)

Q 14). निम्नलिखित में कौन-सा विकल्प शुद्ध है?

(A) सभी स्वर सघोष होते हैं।

(B) सभी स्वर अघोष होते हैं।

(C) कुछ स्वर सघोष और कुछ अघोष होते हैं।

(D) स्वर घोष और अघोष दोनों नहीं होते।

Correct Answer: (A)

Q 15). देखते तुम इधर कनखी मार
और होतीं जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छबिमान !

"**और होतीं जब कि आँखें चार**" चार आँखें होने का अर्थ किस शब्द शक्ति से प्रकट होगा। आँखें तो दो ही होती हैं।

(A) तात्पर्या शब्द शक्ति
(B) अभिधा शब्द शक्ति
(C) लक्षणा शब्द शक्ति
(D) व्यंजना शब्द शक्ति

Correct Answer: (C)

Q 16). वर्तनी का कौन सा रूप शुद्ध है?

(A) ज्योतसना
(B) ज्योत्सना
(C) ज्योत्स्ना
(D) जोत्सना

Correct Answer: (C)

Q 17). रीति को काव्य की आत्मा किसने माना?

(A) वामन
(B) भरत मुनि
(C) कुंतक
(D) महिम भट्ट

Correct Answer: (A)

Q 18). निम्नलिखित में कौन-सा ग्रन्थ महाकाव्य नहीं है?

(A) कामायनी
(B) पद्मावत
(C) जयद्रथ वध
(D) साकेत

Correct Answer: (C)

Q 19). उत्प्रेक्षा अलंकार के विषय में कौन सा तथ्य अशुद्ध है?

(A) उत्प्रेक्षा अलंकार में अप्रस्तुत में प्रस्तुत की कल्पना पाई जाती है।
(B) उत्प्रेक्षा अलंकार में मनु, मानो, मानहु, मनो आदि वाचक शब्दों का प्रयोग होता है।
(C) उत्प्रेक्षा अलंकार अर्थालंकार का एक भेद है।
(D) उत्प्रेक्षा अलंकार में उपमेय में उपमान की सम्भावना होती है।

Correct Answer: (A)

Q 20). "अकाल में सारस" कविता संग्रह, जिसको 1989 में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया था, किसकी कृति है?

(A) धूमिल
(B) रघवीर सहाय
(C) केदारनाथ सिंह
(D) केदारनाथ अग्रवाल

Correct Answer: (C)